# राम धुन की स्वर लहरियों पर झूमे सनातन प्रेमी

**कोटपूतली ।** 'कलयुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा', इस चौपाई के अर्थ बहुत ही गूढ़ हैं। सतयुग, त्रेतायुग और द्वापरयुग में प्रभु की प्राप्ति और मोक्ष के लिए जहां सघन आधार था तो वहीं कलयुग में मात्र राम नाम की महिमा जपने से ही अपने जीवन के उद्देश्य को साकार किया जा सकता है और संकल्प को लेकर कस्बे के श्रीराम भवन में शुरु हुये 'हरे राम हरे कृष्ण' महामंत्र सत्संग को एक वर्ष पूरा हो चुका है। इसके उपलक्ष्य में गुरूवार रात्रि को भव्य संगीतमय सत्संग का आयोजन किया गया। श्रीराम सत्संग मंडल, कोटपूतली के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार आनंद पंडित ने विभिन्न धुनों पर रामनाम का संकीर्तन किया।

भगवान श्रीराम से लेकर लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान की पोषाकें बदली गई तो वहीं पूरे दरबार और मंदिर की फूलों से आकर्षक सजावट की गई। उल्लेखनीय है कि श्रीराम भवन में आनंद पंडित की अगुवाई में रोजाना चलने वाले इस सत्संग में नियमित रुप से दो से तीन सौ श्रोता शामिल होते हैं। यह सत्संग क्षेत्र का ऐतिहासिक कार्यक्रम माना जाने लगा है। अब इसके एक साल पूरा होने पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में हर वर्ग के लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध ढ़ोलक वादक शोभनाथ शुक्ला और मुन्ना बहरोड़ ने जब ढ़ोलक पर थाप लगानी शुरु की तो श्रोता खुद को रोक नहीं सके। महिला हो या पुरुष, रामनाम धुन पर बज रही ढ़ोलकों की थापों पर सभी श्रद्धालु थिरकने लगे। वैसे तो अमेठी उत्तर-प्रदेश के शोभानाथ शुक्ला हो या फिर बहरोड़ के मुन्ना, दोनों ही ढ़ोलक वादक अपनी-अपनी जगह बेहतरीन कलाकार माने जाते हैं, किन्तु यहां रामनाम की स्वर लहरियों पर उनके द्वारा की गई संगत ने सत्संग में चार चांद लगा दिये। दोनों ही कलाकारों ने अपने नये अंदाज में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये श्रोताओं को अपनी ओर आकर्षित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# 'रामकथा से हर जीव की व्यथा दूर हो जाती है'

**पावटा ।** बाबा भरतदास जी सेवा समिति टोरडा(रामपुरा) गुजरान द्वारा बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान मे श्री श्री 108 मंगलदास महाराज के सानिंध्य एवं संत श्री रघुनाथदास महाराज, जयरामदास महराज, विशम्बरदास महाराज, रामशरणदास महाराज, शिवदयाल दास महाराज, राधेश्याम दास महाराज सहित क्षेत्र के संत महात्माओ की उपस्थिति मे आयोजित श्रीराम कथा का शुभारंभ धूमधाम से कलश यात्रा के साथ हुआ।

इस अवसर पर श्री राम कथा पोथी व कलश की विशेष पूजा अर्चना के बाद बांधा वाले हनुमान जी महाराज से पोथी व कलश को सिर पर रखकर कलश यात्रा प्रारंभ हुई। कई जगहों पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश लेकर व कथावाचक मां नर्बदा की कृपा पात्री साध्वी श्री अखिलेश्वरी दीदी मां वागदी संगम आश्रम, नेमावर इंदौर ने नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल बाबा भरतदास बगीची टोरडा गुजरान पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान रास्ते में भक्त भजनों की धुन पर व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झूमते नाचते हुए चल रहे थे, जिससे कस्बे का माहौल भक्तिमय नज़र आया।

- कलश यात्रा का हुआ भव्य आयोजन, कई जगहों पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

साध्वी अखिलेश्वरी दीदी मां ने श्री राम कथा के दूसरे दिन कहा कि जहां भगवान श्रीराम की कृपा होती है, उसी जगह रामकथा संभव हो पाती है। राम की कृपा वहीं होती है, जहां उनके भक्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रभु ने ही मानव शरीर बनाया है। लेकिन पुरुषार्थ मानव का धर्म है। बिना परिश्रम के कुछ भी मिलना असंभव है। रामकथा से हर जीव की व्यथा दूर हो जाती है।

संसार के सभी जीवों का मंगल रामकथा के श्रवणपान से ही हो जाएगा। संतजी ने आगे कहा कि भगवान भक्ति के अधीन होते हैं। श्रद्धापूर्वक की गई भक्ति के आगे वह विवश रहते हैं। भगवान का सच्चा भक्त उन्हें जिस रूप में याद करता है, वह उसी रूप में दर्शन देते है। वही श्री श्री 108 मंगलदास महाराज ने बताया कि श्री राम कथा का आयोजन 26 दिसम्बर गुरुवार से 1 जनवरी 2025 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या मे श्रद्धालु मौजूद रहे।

# स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान

**कोटपूतली।** कस्बे के डाबला रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया। वहीं विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में नशा मुक्ति के लिये जागरूकता हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. वासुदेव गुप्ता ने स्वयंसेविकाओं को सामाजिक जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ता को समझाया। प्राचार्य डॉ. आरपी गुर्जर ने छात्राओं को जीवन में नैतिक मूल्य, सामाजिक मूल्यों के बारे में गहन चर्चा की।

छात्राओं ने लक्ष्य गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. जे. आर. गुर्जर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धाजंलि देते हुये उनकी जीवनी के बारे में स्वयंसेविकाओं को बताया। गया। इस दौरान सभी स्टॉफ व स्वयंसेविकाओं ने मौन धारण करके श्रद्धाजंलि अर्पित की। कार्यक्रम अधिकारी प्रतिभा पोसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

**शाहपुरा।** 2 माह पूर्व शहर के देवन तिराहा के समीप गोदाम से 48 बीड़ी के बोरे चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर माल बरामद करने वाली शाहपुरा पुलिस की जांबाज टीम का गुरुवार रात्रि एक निजी होटल में सम्मान किया गया। सम्मान पाकर पुलिस टीम के चेहरे गौरव व उल्लास से दमके नजर आए। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम संजीव कुमार खेदड़ थे। अध्यक्षता आलोक तनेजा ने की। विशिष्ट अतिथि मनोहरपुर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह यादव, आरसीएम पवन टंडन, व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, सुनील कुमार, सुरक्षा अधिकारी प्रेम सिंह थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम खेदड़ ने कहा कि पुलिस विभाग में कार्य प्रत्येक जवान सदैव अपने दायित्व के प्रति सदैव रहता है। जहां कानून तोड़ा जाएगा वहां पुलिस आवश्यक कार्रवाई करेगी। उन्होंने गोदाम मालिक ओमप्रकाश दीवान विष्णु दीवान व देसाई ब्रदर्स मैनेजमेंट

- बीड़ी के गोदाम से 48 बोरे चुराने वाले चोर गिरोह का पर्दाफाश करने वाले पुलिसकर्मियों का किया सम्मान

व शाहपुरा व्यापार महासंघ की ओर से पुलिस के सराहनीय कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई पहल वाकई में अनुकरणीय है।

देवन तिराहा ओमप्रकाश दीवान व विष्णु दीवान के देसाई बीड़ी के गोदाम से दो माह पूर्व 48 बोरी बीड़ी के चोरी हो गए थे। जिनकी कीमत करीब 14 लाख रुपए थी। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही शाहपुरा की पुलिस टीम ने त्वरित रूप से करवाई कर सभी आरोपियों को पकड़कर माल को बरामद किया। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान कठिन मामलों को सुलझाने में अन्य राज्य की तुलना में राजस्थान की पुलिस कॉफी बेहतर है।

# पोस्टर का किया विमोचन

**मनोहरपुर।** कस्बे के गणेश मंदीर में शुक्रवार को दिनांक 9 मार्च 2025 को जयपुर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन का पोस्टर का विमोचन गॉड ब्राह्मण महासभा राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया एडवोकेट महासचिव राकेश टीलावत एवं मनोहरपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र व्यास उपेंद्र व्यास सुवालाल हलकारा विमलेश शर्मा श्री गणेश मंदिर पुजारी मनोहरपुर राकेश शर्मा विष्णु हरितवाल निर्मल शर्मा हिमांशु लाटा राहुल जोशी पंकज मिश्रा इत्यादि के द्वारा किया गया तथा सभी से आव्हान किया।




# जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन की पहल के तहत जिले में संचालित किए जा रहे जल संचय जन भागीदारी अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने जिले में सतत रूप से गिरते हुए भूजल स्तर में सुधार लाए जाने तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण व संवर्धन हेतु संचालित 'जल संचय जन भागीदारी' पहल की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए इस अभियान का सफल क्रियान्वयन करावे। उन्होंने इस अभियान के नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों की सतत मॉनिटरिंग करें।

26 जनवरी तक बनेगा सभी ग्राम पंचायतों का जल संरक्षण प्लान उन्होंने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि जिले की सभी 294 ग्राम पंचायतों का जल संरक्षण प्लान 26 जनवरी तक तैयार कराकर भिजवाए। उन्होंने निर्देश दिये कि ग्राम पंचायत का प्लान ग्राम पंचायत (पंचायती राज), जल संसाधान और कृषि विभाग मिलकर तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि प्लान की रूपरेखा इस प्रकार तैयार करें जिसमें ग्राम पंचायत में होने वाली बारिश, जल स्तर, ग्राम पंचायत की आबादी के लिए पेयजल की आवश्यकता, पेयजल के उपलब्ध संसाधन, जल संरक्षण के उपलब्ध स्त्रोत एवं आवश्यकता आदि का पूर्ण विवरण रहे। 229 अमृत सरोवरों में बनेंगे रिचार्ज साफ्ट स्ट्रक्चर उन्होंने निर्देश दिये कि जिले की ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्तर वृद्धि हेतु प्रथम चरण में उन ब्लॉकों को शामिल कर अमृत सरोवरों में 2-2 वाटर रिचार्ज साफ्ट स्ट्रक्चर बनवाए इसके लिए मनरेगा व एसएफसी फण्ड का उपयोग करने के साथ-साथ जन सहभागिता का भी सहयोग लेवे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रथम चरण में राजगढ, लक्ष्मणगढ, रैणी, कठूमर, थानागाजी ब्लॉक के 229 अमृत सरोवरों में यह

- शहर में 225 वर्ग मीटर से अधिक के सभी निजी भवनों में एक माह में रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाने के दिए निर्देश

कार्य 31 मई तक पूर्ण करावे। इसी प्रकार उन्होंने निर्देश दिये कि चिन्हित 141 सरकारी स्कूलों में रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर तैयार करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि एमजेएसए 0.2 के तहत स्वीकृत सभी 404 कार्य गुणवत्ता के साथ 31 मई तक पूर्ण करावे।

जिले की प्राचीन बावडियों का होगा जीर्णोद्धारउन्होंने निर्देश दिये कि जिले के सभी ब्लॉकों में प्राचीन बावडियों को चिन्हित कर उनका जीर्णोद्धार कार्य करावे। उन्होंने प्रथम चरण में राजगढ में 2 बावडियां, मालाखेडा व लक्ष्मणगढ में एक-एक बावडियों का 31 मई तक जीर्णोद्धार करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में 5-5 रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर चिन्हित कर तैयार कराए। उन्होंने निर्देश दिये कि नरेगा व संबंधित विभागों के तहत गांवों में प्रगतिरत सभी 835 जल संरक्षण संरचनाओं के कार्यों को 31 मई तक पूर्ण करावे तथा 79 कार्यों को यथाशीघ्र प्रारम्भ करावे। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिये कि एमजेएसए के तहत प्रगतिरत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करावे। शहर के सभी निजी भवनों में नियमानुसार एक माह में बनेंगे रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर जिला कलक्टर ने यूआईटी सचिव को निर्देश दिये कि शहर में चिन्हित किए गए 251 निजी भवन मालिकों से भवन विनियमों की पालना कराते हुए एक माह में रूफटाफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाना सुनिश्चित करावे तथा नियमों के दायरे में आने वाले शेष निजी भवनों का 31 जनवरी तक सर्वे कराकर एक माह में रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनवाए।

# कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**बौंली-बामनवास ।** सवाई माधोपुर जिले की ग्राम पंचायत अजनोटी के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर रात्रि चौपाल में सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रात्रि चौपाल की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना आवेदनों की वरीयता सूची को पंचायत भवन पर चश्पा किया जावे एवं गांव मोहल्ला की स्वच्छता, सड़क, नाली, पेयजल आदि की व्यवस्था करना ग्राम पंचायत का दायित्व है।

उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि ग्राम पंचायत अधिकारियों के राज्य कार्य में सहयोग करें पानी सड़कों पर व्यर्थ न बहाऐ, एवं आपसी भाईचारे व शांतिपूर्ण तरीके से रहे। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से कहा कि जिस किस ने भी चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है वह तत्काल प्रभाव से हटा ले अन्यथा उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच को निर्देशित किया कि अगर अतिक्रमण हटाने के दौरान 10 से अधिक पुलिसकर्मियों की आवश्यकता हो तो जिला कलेक्टर कार्यालय एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय को अवगत कराएं।

रात्रि चौपाल के दौरान उन्होंने जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता व हल्का पटवारी को पेयजल और रास्ते के अतिक्रमण की समस्या के निराकरण के लिए संयुक्त रूप से गांव का भ्रमण करने के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल के दौरान खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जुड़ाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आम रास्तों से अतिक्रमण हटाने, गौशाला बनाने, क्षितग्रस्त पाइप लाइनों को ठीक कराने सहित अन्य प्रकरण प्राप्त हुए। आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर अनूप सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह, विकास अधिकारी डॉक्टर सरोज बैरवा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित थे।

# 'भगवान बुद्धि से नहीं, भाव से प्राप्त होते हैं'

**देवली ।** संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को पुष्प मुरारी बापू भगवान ने शिव और सती का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रभु परीक्षा से नहीं प्रतिष्ठा से प्राप्त होते हैं।

सती ने प्रभु श्रीराम की परीक्षा ली तो उनको वह मिलकर भी नहीं मिल पाए और शबरी ने भगवान राम की प्रतीक्षा की तो शबरी को भगवान मिल गए।भगवान की कभी परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। भगवान बुद्धि का विषय नहीं है, भगवान भाव का विषय है।आज का इंसान का मन भव संसार में लगता है और बुद्धि भगवान में लगती है। जबकि भगवान बुद्धि से परे हैं, भाव भगवान के लिए अतिप्रिय है। भगवान कहते हैं कि भावना में भाव है तो भव से बेड़ा पार है, अर्थात भगवान भाव के भूखे हैं। भगवान कहते है भाव से मुझे भजे तो भक्त का बेड़ा पार निश्चित है। सती के त्याग के बाद भगवान शिव कैलाश पर समाधि में लीन हो गए। भजनों के बीच श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। उल्लेखनीय है कि बावड़ी बालाजी मंदिर परिसर में दोपहर एक से शाम 4 बजे तक प्रतिदिन श्रीराम कथा आयोजित हो रही है।

